# FLN ASSESSMENT (2026-27)

## कक्षा - 5 विषय - हिंदी

📝कुल प्रश्न : 20
⏰ समय : 60 मिनट

नाम : ______________ रोल नं. : ________ दिनांक :______________

निर्देश – प्रश्न संख्या 1 से 16 में चार विकल्प दिए गए हैं | सही विकल्प (अ ब, स या द ) का चयन कीजिए|

**भाग -अ** दक्षता – C-10.1: ध्वन्यात्मक जागरुकता विकसित करता है और स्वरों / शब्दांशों को शब्दों में मिश्रित करने और शब्दों को ध्वनि / शब्दों में खंडित करने में सक्षम होता

**1.** दिए गए मात्रा एवं वर्णों के उपयोग से बना सही शब्द है -
ब , द , ल  आ की मात्रा ( T )
(अ) बदली (ब) बाकल
(स) बादल (द) बदाला ( )

**2.** 'जलज' शब्द में अन्तिम वर्ण को बदलने पर सही शब्द बनेगा -
(अ) जल (ब) जलद
(स) नकद (द) फलन ( )

**3.** 'नीचे दिए गए शब्दों के समान तुकबंदी वाला शब्द है -
कच्चा , बच्चा
(अ) नीचा (ब) ऊँचा
(स) सच्चा (द) रस्सी ( )

**4.** 'प्रबंध' शब्द का सही वर्ण विच्छेद है -
(अ) प् + र + ब + न + ध
(ब) प् + र् + अ + ब् + अ + न् + ध् + अ
(स) प् + र + ब + न + ध
(द) प् + र् + ब + न् + ध ( )

दक्षता –C-10.3 लिपि की वर्णमाला के सभी अक्षरों (अक्षर के रूप) को पहचानता है और इस ज्ञान को पढ़ने और लिखने के लिए उपयोग करता है|

**5.** वर्तनी की दृष्टि से सही शब्द है -
(अ) परीसा (ब) परिसा
(स) परीक्षा (द) परिक्षा ( )

**6.** 'श्र' वर्ण किन वर्णों से मिलकर बना है?
(अ) स् + र (ब) ष् + ऋ
(स) श् + र (द) श + ऋ ( )

**7.** 'यज्ञ, कक्षा, परिश्रम, समय' शब्दों में से अलग शब्द है -
(अ) यज्ञ (ब) कक्षा
(स) परिश्रम (द) समय ( )

**8.** 'नीचे दिए वाक्य को ध्यान से पढ़िए -
"पेड़ पर हर-हर पत्तियाँ हैं।"
इस वाक्य में हर-हर शब्द में कौन-सी मात्रा छूट गई है ?
(अ) 'र' पर 'आ' की मात्रा (हरा-हरा)
(ब) 'र' पर 'ई' की मात्रा (हरी-हरी)
(स) 'र' पर 'ए' की मात्रा (हरे-हरे)
(द) 'र' पर 'ओ' की मात्रा (हरो-हरो) ( )

दक्षता –C-9.3-धाराप्रवाह और सार्थक बातचीत करता है।|

**9.** 'आप कैसे हैं?' का उत्तर होगा?
(अ) मुझे नहीं पता |
(ब) मैं ठीक हूँ |
(स) मैं जा रहा हूँ |
(द) अभी आता हूँ | ( )

**10.** किस शब्द में 'म' की ध्वनि मध्य में है -
(अ) मटर
(ब) कलम
(स) रमन
(द) मरहम
( )

**11.** 'बत्तख' शब्द की पहली ध्वनि के समान अर्थ वाला शब्द कौनसा हैं ?
(अ) कमल
(ब) शबनम
(स) बकरी
(द) तरकीब
( )

**12.** खेलते समय आपका मित्र मैदान में गिर जाता हैं। उसकी मदद करने के लिए आप कौनसा संदेश लिखेंगे ?
(अ) उठो और फिर खेलों।
(ब) 'घबराओ मत' मैं तुम्हारी मदद करता/करती हूँ।
(स) तुम खेल नहीं सकते।
(द) तुम्हें यहाँ से जाना चाहिए। ( )

दक्षता –C-10.5: वह स्वतः ही कहानी के भागों, रूपरेखा और लेखक के नजरिए को पहचान सकेगा।

**दी गई कहानी को पढ़कर (प्रश्न संख्या 13 से 16 तक) उत्तर दीजिए।**

एक किसान के चार पुत्र थे। वे हमेशा लड़ते-झगड़ते रहते थे। एक दिन किसान ने उनको अपने पास बुलाया और एक लकड़ी देकर तोड़ने के लिए कहा। उन्होंने लकड़ियाँ तोड़ दीं। अब किसान ने उन्हें चार लकड़ियों को एक साथ पकड़कर तोड़ने के लिए कहा। सभी लड़कों ने बारी-बारी से तोड़ने का प्रयास किया पर वे सफल नहीं हुए। किसान ने इस प्रकार से उनको साथ रहने का संदेश दिया।

**13.** कहानी के अनुसार लड़के क्या करते रहते थे?
(अ) मिलकर रहते थे। (ब) मेहनत करते थे।
(स) लड़ते-झगड़ते थे। (द) खेलते रहते थे। ( )

**16.** इस कहानी से किसान ने अपने पुत्रों को क्या संदेश दिया?
(अ) मिलकर रहने का। (ब) अलग-अलग फसलें उगाने का।
(स) साथ में लकड़ियाँ तोड़ने का।
(द) अपना काम स्वयं करने का। ( )

**14.** चारों पुत्र पहली बार में लकड़ियाँ क्यों तोड़ पाए?
(अ) लकड़ियाँ बहुत पतली थीं।
(ब) उन्होंने अधिक बल लगाया था।
(स) उन्होंने एक दूसरे की मदद की थी।
(द) लकड़ियाँ अलग-अलग होने से कमजोर थीं। ( )

**15.** इस कहानी में दूसरी बार में चारों पुत्र लकड़ियाँ क्यों नहीं तोड़ पाए?
(अ) वे लकड़ियाँ तोड़ना नहीं चाहते थे।
(ब) वे बहुत थकने के कारण नहीं तोड़ पाए।
(स) वे लकड़ियाँ पहले से भी बहुत छोटी थीं।
(द) वे लकड़ियाँ एक साथ रखने से नहीं टूट रही थीं।
( )

**भाग -ब** दक्षता – C-10.8: अपनी समझ और अनुभवों को व्यक्त करने के लिए एक आलेख लिखता है।

**17.** शिक्षक विद्यार्थियों से श्रुतलेख करवाएँ -
(अनुस्वार एवं अनुनासिक युक्त 03 पंक्तियाँ))

(i) ..................................................................
(ii) ................................................................
(iii) ...............................................................

**19.** आप घर पर अपनी माँ की किस प्रकार मदद कर सकते हैं?

.......................................................................
.......................................................................
.......................................................................
.......................................................................
.

**18.** 'मौसम' एवं 'समाचार' शब्दों से एक-एक वाक्य बनाइए –

(i)......................................................................

(ii).....................................................................
.

**20.** चित्र देखकर चार वाक्य लिखिए -



उत्तर
(i) ..................................................................

(ii) .................................................................

# शिक्षक हेतु आकलन संबंधी निर्देश

1. **सामान्य निर्देश :-**

- FLN Assessment प्रारंभ करने से पूर्व शिक्षक निम्न निर्देशों का अवलोकन करें—
- आकलन निर्धारित समय-सारणी के अनुसार शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी वातावरण में करवाएँ तथा विद्यार्थियों को निर्धारित समय उपलब्ध करवाएँ।
- आकलन पत्रक में विषय की चयनित 5 FLN दक्षताओं (Competencies) को सम्मिलित किया गया है। प्रत्येक दक्षता पर 4 प्रश्न निर्धारित हैं।
- आकलन में कुल 20 प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न का अंक भार 1 अंक है।
- आकलन पूर्ण होने के बाद उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन निर्धारित Rubric/मूल्यांकन मानदंड के अनुसार करें।
- प्रत्येक दक्षता के चारों प्रश्नों में विद्यार्थी द्वारा प्राप्त अंकों का दक्षतावार योग कर दक्षतावार ही प्राप्तांक दर्ज करें।
- मूल्यांकन एवं अंक प्रविष्टि में निष्पक्षता, शुद्धता एवं एकरूपता सुनिश्चित करें तथा उत्तर-पुस्तिकाएँ सुरक्षित रखें।
- **भाग–A : प्रश्न क्रमांक 1 से 16**
- प्रश्न क्रमांक 1 से 16 का मूल्यांकन निर्धारित सही उत्तर के आधार पर करें। सही उत्तर के लिए 1 अंक तथा गलत/अनुत्तरित प्रश्न के लिए 0 अंक प्रदान करें।
- प्राप्त अंकों को संबंधित FLN दक्षता के अनुसार दर्ज करें।
- **भाग–B : प्रश्न क्रमांक 17 से 20 — Rubric आधारित मूल्यांकन**
- प्रश्न क्रमांक 17 से 20 का मूल्यांकन दिए गए Rubric के अनुसार करें। विद्यार्थी के प्रदर्शन के आधार पर 1, ½, ¼ अथवा 0 अंक प्रदान करें।
- प्रश्न 17 (श्रुतलेख): निर्धारित शब्द/पंक्तियाँ स्पष्ट रूप से बोलकर लिखवाएँ तथा शब्दों की शुद्धता एवं लेखन के आधार पर अंक दें।
- प्रश्न 18 (वाक्य निर्माण): दिए गए शब्दों से बनाए वाक्यों का मूल्यांकन उचित शब्द-प्रयोग, सार्थकता एवं शुद्ध लेखन के आधार पर करें।
- प्रश्न 19 (विचार-अभिव्यक्ति): उत्तर का मूल्यांकन विचार-अभिव्यक्ति, प्रासंगिकता, स्पष्टता एवं पूर्णता के आधार पर करें।
- प्रश्न 20 (चित्र आधारित लेखन): वाक्यों का मूल्यांकन चित्र से प्रासंगिकता, वाक्य निर्माण एवं शुद्ध लेखन के आधार पर करें।
- Rubric में निर्धारित अंक मानदंड:
- 1 अंक – पूर्णतः सही/अपेक्षित प्रदर्शन | ½ अंक – आंशिक रूप से सही | ¼ अंक – सीमित प्रदर्शन | 0 अंक – गलत/अप्रासंगिक/अनुत्तरित।
- प्रत्येक दक्षता के चारों प्रश्नों के प्राप्तांकों का योग करें। यदि योग पूर्णांक में न हो, तो अगले पूर्णांक (Round Up) में परिवर्तित कर शाला दर्पण पर दर्ज करें। उदाहरण: 3½ → 4 अंक, 3¼ → 3 अंक।
- शाला दर्पण पर अंक दर्ज करने से पूर्व प्रत्येक विद्यार्थी के दक्षतावार एवं कुल प्राप्तांकों की पुनः जाँच सुनिश्चित करें।

| FLN Assessment – Competency-wise Score Sheet | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा - | | | | | | | |
| विषय: हिंदी | | | | | | | |
| क्र.सं. | विद्यार्थी का नाम | C-10.1 (4 प्रश्न) अंकभार-4 | C-10.3 (4 प्रश्न) अंकभार-4 | C-9.3 (4 प्रश्न) अंकभार-4 | C-10.5 (4 प्रश्न) अंकभार-4 | C-10.8 (4 प्रश्न) अंकभार-4 | कुल प्रश्न-20 कुल अंकभार -20 |
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | |
| 7 | | | | | | | |
| 8 | | | | | | | |
| 9 | | | | | | | |
| 10 | | | | | | | |
| 11 | | | | | | | |
| 12 | | | | | | | |
| 13 | | | | | | | |
| 14 | | | | | | | |
| 15 | | | | | | | |

नोट: प्रत्येक दक्षता के 4 प्रश्न हैं। प्रत्येक दक्षता का अधिकतम अंक 4 तथा कुल अधिकतम अंक 20 हैं।